हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 9 मई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

A Project By
MATASHRI REALITIES

RERA CHHATTISGARH
PCGRERA060426002078

# जहाँ हर प्लॉट बने आपके घर की शुरुआत...




**Site Address :** Pooja Residency, Before Housing Board Colony, Chilhati, Mopka, Bilaspur (C.G.)

**DISTANCE**

| | |
|---|---|
| Railway Station | - 8 Km. |
| Appolo Hospital | - 6 Km. |
| Petrol Pump | - 0.4 Km. |
| RTO Office | - 2 Km. |
| Brilliant School | - 6 Km. |
| DAV Public Schoool | - 6Km. |

**AMENITIES**

- BT Road
- Grand Entrance Gate
- Solar Street Light
- Transformer as per CSPDCL Norm
- Garden
- Water Supply each Plot
- Rain water Harvesting

**BANK PARTNER**

SBI | HDFC BANK | Central Bank of India | kotak Kotak Mahindra Bank | LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD | ICICI Bank

*T&C Apply

**Contact For Booking**
ANIL KUMAR AGRAWAL : Mo.: 9826528900, 7000175594
SARTHAK AGRAWAL : Mo.: 7999765949, 9009555591
UMAKANT RATHORE : Mo.: 9329960336

**Developers:**
Mathashri Realities Office No.- 204/206, 2nd Floor, Infinity Buisiness Park, Vyapar Vihar Zone No.-1, Taramandal Road, Bilaspur (C.G.) 495001

Web : www.poojaresidency.co.in
Email : abrointrade@gmail.com

## खबर संक्षेप

### शराब पीकर वाहन चलाने पर दस हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब पीकर बाइक चलाने वाले चालक पर न्यायालय ने युवक पर दस हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। बतौली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4 मई को केनपरा बगीचा रोड पर थाना बतौली पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल का चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाया गया। वाहन चालक द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन किए जाने पर बाइक क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 5518 के चालक जशपुर जिले के बगीचा गायबुडा निवासी 24 वर्षीय राजेश यादव आ. गणेश यादव को पकड़कर जांच की गई। जांच के दौरान डॉक्टरी मुलाहिजा में बाइक चालक शराब के नशे में धुत होकर वाहन चलाते पाया गया जिसपर पुलिस द्वारा मामले में धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर प्रकरण को न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायालय ने युवक पर 10 हजार रूपए का अर्थ दंड लगाया है। इस कारवाई में थाना प्रभारी विवेक सेंगर, आरक्षक राकेश एक्का की सक्रिय भूमिका रही।

### एक माह से खराब सोलर ड्यूल पंप, 50 पंडो परिवार पी रहे नदी-नाले का पानी



**बिहारपुर।** चांदनी बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोल्हुआ के पुराना स्कूलपारा में लगा सोलर ड्यूल पंप पिछले एक माह से खराब पड़ा है। पंप बंद होने से क्षेत्र के 50 पंडो परिवार गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार पूरे मोहल्ले के लोग इसी सोलर ड्यूल पंप के पानी पर निर्भर थे। पंप खराब होने के बाद अब लोगों को नदी-नालों का पानी पीना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में जल स्त्रोत भी लगातार सूखते जा रहे हैं, जिससे स्थिति और चिंताजनक बन गई है। दूषित पानी पीने से बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर ड्यूल पंप खराब होने की जानकारी कई बार पीएचई एवं क्रेडा के अधिकारियों को दी गई लेकिन अब तक खराब पम्प को सुधारने की पहल नहीं हो सकी है। क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है साथ ही पेयजल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। सुबह से लेकर शाम तक महिलाएं और बच्चे पानी की तलाश में भटकते नजर आते हैं। कई परिवारों को दूर-दराज के नदी-नालों से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी का पानी साफ नहीं होने के बावजूद मजबूरी में उसका उपयोग करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लाखों रुपये खर्च कर सोलर ड्यूल पंप लगाए गए थे। लेकिन रखरखाव के अभाव में योजना योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से खराब सोलर ड्यूल पंप की मरम्मत कराने की मांग की है तथा जल्द सुधार नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### सभाकक्ष में कलेक्टर जयवर्धन को दी गई विदाई



सूरजपुर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एस जयवर्धन के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उपस्थित होकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। एस जयवर्धन को आगामी पदस्थापना के तहत संचालक, कोष एवं लेखा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए प्रशासनिक कार्यशैली, सरल व्यवहार एवं नेतृत्व क्षमता की सराहना की। विदाई समारोह के दौरान कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले के विकास में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि टीम भावना और समन्वय से ही प्रशासनिक कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सकता है।

## खतरे में तालाबों का अस्तित्व

# शहर के तालाबों पर भू- माफिया की नजर ज्यादातर का बदल गया नक्शा और रकबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में जल स्त्रोत का प्रमुख आधार तालाब व नालों पर अब भूमाफियाओं की नजर पड़ गई है। भूमाफिया कागजों में हेरफेर कर तालाबों को पाटने का काम कर रहे है। आलम यह है कि आए दिन तालाबों को पाटने की तस्वीरें सामने आ रही है। भू-माफियाओं द्वारा किनारों से तालाबों को मिट्टी से पाटना शुरू किया जा रहा है और धीरे धीरे तालाब का नक्शा ही बदल जा रहा है। ऐसे में शहर में तालाबों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। यदि समय रहते तालाबों के संरक्षण को लेकर पहल नहीं की गई तो आने वाले समय में इसका खामियाजा भी शहर की जनता को ही भुगतना पड़ेगा।

**खास बात**

- भू जलस्तर पर भी पड़ेगा असर, बेखौफ होकर पाट रहे तालाब

बता दें कि सरगुजा सहित शहर में भू माफियाओं की सक्रियता सबसे अधिक है और अब इन भू माफियाओं की टेढ़ी नजर शहर के तालाबों पर पड़ गई है। वर्तमान में स्थिति ऐसी ही गई है कि शहर के कुछ प्रमुख तालाबों को छोड़ दिया जाए तो जायदातर तालाबों की सीमा, रकबा के साथ छेड़खानी कर दी गई है। शहर में मौजूद बड़े तालाबों का रकबा घटकर आधा भी नहीं रह गया है। शहर के रिंग बांध, भाथूपारा तालाब, तेईस एकड़ तालाब, धोबी नाला, बांकी नदी शंकर घाट, सत्तीपार तालाब सहित कई ऐसे बड़े जल स्त्रोत है जिनके अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। इन तालाबों पर भू माफियाओं की लम्बे समय से नजर पड़ी हुई है और वे धीरे धीरे योजनाबद्ध तरीके से तालाबों को पाटने के लिए काम कर रहे है। यही वजह है कि कई तालाबों का रकबा घट गया और किसी को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। बड़ी बात यह है कि जगह जगह मौजूद ये तालाब शहर के जल स्तर को बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाते है लेकिन जिस तरह से तालाबों को पाटा जा रहा है और इनपर कालोनियों का निर्माण किया जा रहा है उससे आने वाले समय में शहर में भू-जल स्तर का गिरना तय है और इसका खामियाजा भी शहर की जनता को ही भुगतना पड़ेगा।



गोधनपुर स्थित 23 एकड़ के पास तालाब पर रोजाना हो रहा अतिक्रमण।

### रात के अंधेरे में पाटते है मिट्टी

तालाबों को पाटकर कब्जा करने का खेल गर्मी के दिनों में ही शुरू होता है। गर्मी में तालाब का जल स्तर कम होते ही माफियाओं द्वारा हाइवा, ट्रैक्टर के माध्यम से मिट्टी पाटने का काम शुरू कर दिया जाता है। तालाबों को पाटने का काम रात के समय में किया जाता है। भू-माफिया रात के अंधेरे में तालाबों को पाटना शुरू करते है और सुबह होने से पहले उनका काम पूरा हो जाता है। माफियाओं द्वारा तालाबों को धीरे धीरे पाटकर उसकी सीमाओं और नक्शे को पूरी तरह से बदल दिया जाता है और उस भूमि को अपना बताकर निर्माण कार्य कराया जाता है। हाल ही में शहर में तालाबों पर कब्जे के ऐसे मामले सामने भी आए और इनमें भू माफियाओं की संलिप्तता भी खुलकर सामने आई।



कब्जे का शिकार बौरिबांध

### बेशरम, जलकुंभी डालकर नष्ट कर रहे तालाब

भूमाफिया तालाबों पर कब्जा करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करते है। जिस भी तालाब पर माफियाओं की नजर पड़ती है उसमें धीरे से बेशरम का डंडा, जलकुंभी और शैवाल डाल दिया जाता है। बेशरम, जलकुम्भी तेजी से फैलते है और देखते ही देखते तालाब को घेर लेते है। तालाब पर बेशरम की झाड़ियों का बड़ा मजबूत स्ट्रक्चर खड़ा हो जाता है और इसके बाद माफिया इसपर मिट्टी-मुरुम डालकर तालाब को पाट देते है।

### राजस्व रिकॉर्ड में भी हो रही हेरा फेरी

तालाबों को पाटने से पहले भू माफियाओं द्वारा इसके राजस्व रिकॉर्ड में हेराफेरी की जाती है। इसके लिए माफियाओं द्वारा राजस्व विभाग के ही लोगों के साथ मिली भगत कर तालाब के नक़्शे को ही बदल दिया जाता है। शहर में 20-25 एकड़ का तालाब शहर में 2-3 एकड़ में सिमट कर रह जा रहा है। शहर के हर तालाबों का पुराना रिकॉर्डनिकाला जाए तो पहली नजर में ही तालाबों के नक्शे में की गई हेरफेर नजर आने लगेगी। कई छोटे तालाब व नाले तो आज के समय में रिकॉर्ड से गायब भी हो चुके है।

### शहर के कई नाले गायब

शहर में आज ऐसे कई बड़े नाले है जो नजर नहीं आते है। धोबी नाला जहाँ पानी कल कल कर बहता था। शहर के धोबी एक समय में सारा कपड़ा धोबी नाला में धोया करते थे। भीषण गर्मी व नवतपा में भी गोधनपुर, सरगवां की ओर जाने वालो को ठंडी सिहरावन महसूस होती थी लेकिन आज यह नाला भी अपने अस्तित्व के लिए जूझ रहा है। इसके साथ ही हॉलीक्रॉस के बगल में एक बड़ा नाला नदी की शक्ल में बहता था। एक समय में यहां राज्य परिवहन बीएस कर्मचारियों के रुकने, ठहरने का सरकारी ठिकाना बना था जिसकी इमारतें आज भी मौजूद है। सारे चालक व परिचालक यही रूककर नहाना धोना करते थे लेकिन आज वहां नाला तो छोड़िए नाली भी बहती नजर नहीं आती है। इसी प्रकार टीसीपीसी के बगल में बड़ा नाला बहा करता था जिसका पुल तो अभी भी मौजूद है लेकिन नाला गायब हो चुका है। शहर में ऐसे दर्जनों मामले है जहां तालाबों व नालों को भू माफियाओं द्वारा पाट दिया गया है।

### कराएंगे तालाबों का सीमांकन



सभी तालाबों का सीमांकन कर सुरक्षित करने की पहल की जाएगी। इस संबंध में निर्देश जारी किया जाएगा। एक महीने में सर्वे कर रिपोर्ट मंगवाई जाएगी।

-अजीत वसंत, कलेक्टर सरगुजा

## भूमि आबंटन संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु हुई बैठक

**रामानुजगंज।** विश्राम गृह वाड्रफनगर में उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, विजयनगर, रामानुजगंज में अनुमानित लागत 14 करोड़ एवं पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट एंड प्रोसेसिंग टेक्नोलोजी महाविपचावल पचावल, सनावल में अनुमानित लागत 25 करोड़ की स्थापना हेतु भूमि आबंटन संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय के अधिष्ठाता, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं सहायक पशु शल्यज्ञ उपस्थित रहे। बैठक में महाविद्यालय की स्थापना के लिए उपयुक्त भूमि के चयन, उपलब्ध संसाधनों, तथा आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। भूमि चिन्हाकन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया ताकि क्षेत्र में उद्यानिकी शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा मिल सके। वही किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त होने के साथ क्षेत्र में कृषि आधारित रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो।



## मृत मवेशियों की हड्डियां लेकर जा रहे दो युवकों की लोगों ने की पिटाई, कार के शीशे फोड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बुधवार की देर रात मृत मवेशियों की हड्डियां कार में भरकर ले जा रहे दो युवकों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया एवं बस स्टैंड लाकर उन की जमकर पिटाई कर दी,घटना के बाद क्षेत्र में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही,सूचना मिलने पर बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को भीड़ से बचाकर थाना ले गई।

- पुलिस ने भीड़ से किया बीच बचाव, दोनों युवकों का बयान दर्ज कर छोड़ा गया

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम तेंदुआ निवासी लकेश्वर घसिया (31 वर्ष) एवं बैकुंठपुर के सरई गहना निवासी गिरधारी कोड़ाकू (28 वर्ष) बुधवार की रात मारुति 800 कार से बिश्रामपुर जीएम ऑफिस के पीछे स्थित नर्सरी क्षेत्र पहुंचे थे,बताया गया कि यहां मृत मवेशियों को दफनाया जाता है,दोनों युवक मौके पर पड़े मवेशियों की हड्डियां एकत्र कर कार में लोड कर रहे थे,इसी दौरान वहां से गुजर रहे कुछ स्थानीय युवकों ने उन्हें देख लिया। देखते ही देखते यह जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से क्षेत्र में फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए,आक्रोशित युवकों ने दोनों को पकड़कर कार सहित बस स्टैंड ले आए, जहां भीड़ ने उनकी जमकर पिटाई कर दी एवं कार में भी तोड़फोड़ की,हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कुछ लोगों ने कार के शीशे भी तोड़ दिए थे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए दोनों युवकों और हड्डियों से भरी कार को थाने ले जाकर पूछताछ की।

बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने बताया कि दोनों युवक मृत मवेशियों की हड्डियां ले जा रहे थे और वे लंबे समय से यह काम कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच में यह कार्य किसी अपराध की श्रेणी में नहीं पाया गया। आवश्यक पूछताछ एवं बयान दर्ज करने के बाद दोनों युवकों को छोड़ दिया गया। मारपीट करने वाले युवकों के विरुद्ध भी अब तक कोई अपराध दर्ज नहीं किया गया है।



पीड़ित युवक।



मवेशियों की हड्डी।

## जंगल से निकलकर बस्ती में घुसा दंतैल



**अंबिकापुर।** जिले के पर्यटन स्थल मैनपाट में इन दिनों हाथियों का आतंक चरम पर है। लम्बे समय से मैनपाट क्षेत्र में डटे हाथी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है लेकिन गुरुवार की दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक दंतैल दोपहर के समय जंगल से निकलकर सीधे बस्ती में घुस आया। दंतैल के घनी बस्ती में आने के बाद दहशत का माहौल निर्मित हो गया। वहीं हाथी को देखने के लिए लोगों की भीड़ भी एकत्रित हो गई जो शोर मचाने के साथ ही दंतैल के साथ छेड़खानी करती रही। फिलहाल दंतैल हाथी बरडांड में डेरा जमाएं हुए है।

- मैनपाट के बरडांड में हाथी के आने से मचा हडकंप

बता दें कि मैनपाट विकासखंड में कुल 14 हाथी मौजूद है। इनमें से 12 हाथियों का समूह एक साथ है जबकि दो दंतैल हाथी अलग अलग घुमते रहते है। रात के समय दल के भी हाथी निकलकर अलग अलग बस्तियों में घुसते है और घरों में तोड़ फोड़ करने के साथ ही किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाते है लेकिन गुरुवार की दोपहर दो से ढाई बजे के बीच जंगल से निकलकर एक दंतैल हाथी बरडांड बस्ती में घुस आया। हाथी रिहायशी क्षेत्र में आराम से घूम रहा था। जब लोगों की नजर मैदान में घूम रहे दंतैल पर पड़ी तो हड़कंप मच गया। हाथी को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पडा और लोग शोर शराबा करने के साथ ही हाथी को भगाने का प्रयास करते नजर आए। इस दौरान दंतैल बस्ती में मौजूद नाले में रुककर पानी भी पीने लगा जबकि लोग खड़े होकर शोर मचा रहे थे। बड़ी बात यह है कि हाथी के बस्ती में आने की जानकारी वन विभाग को नहीं थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची टीम ने स्थिति को नियंत्रण में करने के साथ ही लोगों को हाथी से दूर रहने की समझाईस दी। दिनभर हाथी बस्ती में घूमने के बाद मक्के के खेत में घुस गया था जबकि शाम को एक और हाथी बरडांड स्थित मक्के के खेत में पहुंच गया। दिनदहाड़े हाथी के बस्ती में आने की घटना से लोग दहशत में रहे।

### 6 हाथियों का दल पहुंचा कल्याणपुर जंगल

6 हाथियों के कल्याणपुर जंगल में दस्तक देने से क्षेत्र के ग्रामीण भारी दहशत में है। हाथियों के भय से ग्रामीण शाम ढलते ही अपने घरों में कैद हो जा रहे हैं।

एक पखवाड़े तक राहत देने के बाद हाथियों का दल बुधवार की शाम वापस कल्याणपुर जंगल में पहुंच गया है। जंगल में एक पखवाड़े पूर्व दो दिन के भीतर तीन लोगों को मौत के घाट उतारने वाला दंतैल भी अपने साथी के साथ मौजूद है जिससे ग्रामीण काफी भयभीत है। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार की रात जंगल में 4 हाथियों के पहुंचने की सूचना मिली थी। पंचायत प्रतिनिधियों ने तत्काल आसपास के लोगों को सूचना देकर सावधानी बरतने की सलाह दी। सुबह ग्रामीणों ने चार हाथियों के अतिरिक्त दो अन्य हाथियों को देखा तो तत्काल वन अमले को सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि 3 हाथी घाघी टिकरा जंगल व दो हाथी कोलबहरा एवं एक हाथी करेरपारा जंगल में भ्रमण कर रहा है। जंगल के अलग-अलग हिस्सों में हाथियों के भ्रमण करने के कारण ग्रामीण काफी भयभीत हैं तथा शाम ढलने के बाद घर के बाहर नहीं निकल रहे हैं। जंगल के चारों तरफ बस्ती है तथा सबसे निकट कल्याणपुर की बस्ती है। खतरे को देखते हुए वन अमला भी सक्रिय हो गया है तथा ग्रामीणों को लगातार जागरूक कर रहा है।

- शाम ढलने के बाद ग्रामीण नहीं निकल रहे बाहर



#### मृतक की पत्नी को 50 हजार की सहायता

एक पखवाड़े पूर्व दंतैल ने कल्याणपुर निवासी युवक केशव भोय की कुचलकर जान ले ली थी। मृतक के 2 बच्चों के लालन-पालन की समस्या को देखते हुए उप सरपंच चंद्रमणि प्रधान, महेश्वर शाह एवं शैलेन्द्र ऋषि ने कलता समाज के लोगों से 50 हजार रूपए एकत्र किया एवं मृतक की तेरहवीं पर पत्नी कांति भोय को 50 हजार की सहायता प्रदान की।



## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा का परिणाम में इस वर्ष शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरगढ़ का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। विद्यालय में 10वीं में 95.65 प्रतिशत तथा 12वीं में 99.9 प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा दसवीं में कुल 92 छात्र परीक्षा में शामिल हुए जिसमें से 85 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में पास हुए। कक्षा 12वीं में कुल 109 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें से 104 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी मो.इस्माइल खान की उपस्थिति में हुई। प्राचार्य सुशील कुमार एक्का व प्रधान पाठक शोभन भट्टाचार्य ने गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। सीता भास्कर राव ने 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं से मुख्य अतिथि का परिचय कराया जिसमें कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान पर आशा बेक 94.33 प्रतिशत दूसरे स्थान पर संजना पैकरा 94 प्रतिशत तीसरे स्थान पर सुदर्शन और अंशु 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त की। कक्षा 12वीं में सुखविंदर पर 93.80 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, प्रियंका 93.20 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान तथा माधुरी पर 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी के कठिन परिश्रम और बच्चों की मेहनत से विद्यालय का रिजल्ट अच्छा रहा। उन्होंने कहा कि सभी कंपटीशन के क्षेत्र में आगे क्या करना है इस पर अभी से समय निकालकर चरणबद्ध तरीके से तैयारी करें तब जाकर शासकीय सेवा में सफल हो सकेंगे। प्राचार्य सुशील कुमार एक्का ने कहा कि जो परिणाम आया है यह हमारे समस्त शिक्षकों के परिश्रम का परिणाम है। इस अवसर पर अमर, पुष्प लता, अनूपा, मंजू भगत, सुदर्शन यादव, नीलू मिंज, आनंदी किंडो, अमितेश यादव, मुकेश, बिहानी, नीलू सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

## बच्चियों की मेडिकल रिपोर्ट बदलने वाली डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नाबालिग आदिवासी बच्चियों के साथ सामूहिक दुराचार मामले में गलत रिपोर्ट देने वाले डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने सीएमएचओ कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस ने कोठी घर से रैली निकाली और सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की।

गुरुवार को कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कोठीघर से सीएमएचओ कार्यालय के घेराव के लिये रवाना हुए। इस दौरान जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि सुशासन का कथित सिस्टम दुःशासन बन गया है और बलात्कारियों को संरक्षण दे रहा है। 24 अप्रैल की घटना के इतने दिन बीत जाने के बावजूद दोषी पुलिस अधिकारियों और गलत रिपोर्ट देने वाले चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई न होना आश्चर्य की बात है। पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि जिस प्रकार के थाना सीतापुर और उसके बाद मेडिकल करने वाले चिकित्सक ने मामले को दबाने का प्रयास किया उससे आमजन में रोष है। छोटे-छोटे बच्चियों के साथ सामूहिक अनाचार की इस घटना को दबाने का प्रयास करने वाले लोगों पर कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि आमजन को यह महसूस हो कि प्रशासन उनके लिये काम करता है न कि अपराधियों को संरक्षण देता है। उन्होंने कहा कि दोषी प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस और भी बड़ा आन्दोलन खड़ा करेगी। सीएमएचओ के इस लिखित आश्वासन के बाद कि अगामी 3 दिनो में संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। कांग्रेस ने इस चेतावनी के साथ घेराव और प्रदर्शन वापस लिया है कि कार्रवाई नहीं होने पर फिर से आन्दोलन होगा। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जिला एवं ब्लॉक कार्यकारणी के पदाधिकारी एवं सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष, मोर्चा संगठन के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ और वार्ड कमेटी के पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



### महिला पुलिस अधिकारी से जांच की मांग

कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ ही आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने भी पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की थी, किंतु इस मामले में आज तक दोषी पुलिस अधिकारियों और डॉक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले की जांच सीतापुर थाने के उसी पुलिस अधिकारी के द्वारा अब भी जारी है जिसने प्रारंभ में इस मामले को दबाने का प्रयास किया था। 5 मई को अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक को सौपे गये ज्ञापन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया था कि सीतापुर थाने के पुलिस अधिकारी का यह आचरण पॉस्को एक्ट की धारा 21 की उप धारा 1 के अन्तर्गत आपराधिक है। इस मामले में कांग्रेस ने थाना सीतापुर के बजाय अन्य सक्षम महिला पुलिस अधिकारी से मामले की जांच की मांग भी की थी लेकिन दोषी पुलिस अधिकारी और चिकित्सक के विरुद्ध कोई कार्यवाही होता न देख कांग्रेस ने घेराव का निर्णय लिया।

## मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन नहीं होने से भ्रम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव होती है, लेकिन वर्तमान में जिला प्रशासन और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

आरोप है कि संबंधित अधिकारी सत्ता दल को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य कर रहे हैं तथा मतदाता सूची के प्रकाशन में जानबूझकर लापरवाही बरती जा रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सूची का समय पर प्रकाशन अत्यंत आवश्यक होता है किंतु प्रशासन द्वारा अब तक मतदाता सूची के प्रकाशन को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी जारी नहीं की गई है। इससे आम मतदाताओं में भ्रम और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो रही है।प्रारंभिक मतदाता सूची चारी होने के पूर्व जिला प्रशासन ने समय सीमा तय की थी, जिसके तहत 5 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होना तय था परंतु आज तक अंतिम प्रकाशन नहीं होने से यह प्रतीत होता है कि चुनाव अधिकारी व जिला प्रशासन सत्ता दल के दबाव में कार्य कर मतदाता सूचि में हेर फेर कर चुनाव हो प्रभावित करने का प्रयास कर रही है।काँग्रेस शिवनंदनपुर मंडल अध्यक्ष चन्दन सिंह ने कहा कि मतदाता सूची में बड़ी संख्या में नाम जोड़ने और हटाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन प्रशासन इन शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहा और शिकायतों के बाद भी आज तक उन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री


4

15 से अधिक लोगों ने घर घुसकर महिला बच्चों से की मारपीट, थाने में शिकायत




**खबर संक्षेप**

### कांसाबेल विकास खंड के 12 जोड़े विवाह बंधन में बंधे



**जशपुरनगर।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा कांसाबेल विकास खंड के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कुल 12 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ जिसमें 9 जोड़े हिंदू और 03 जोड़े ईसाई समुदाय से थे सर्वप्रथम परिसर में बारात निकाला गया इसमें वर पक्ष एवं वधू पक्ष के परिवार के सदस्यों शामिल हुए। वधु पक्ष द्वारा बारात का स्वागत किया गया इस विवाह कार्यक्रम में श्रीमती सरिता भगत जनपद पंचायत अध्यक्ष कांसाबेल प्रमोद गुप्ता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कांसाबेल सुनील गुप्ता मोतीलाल भगत श्रीमती शिप्रा दास जनपद पंचायत सदस्य कांसाबेल सुभाष गुप्ता अनूप कश्यप संजय सिंह परियोजना अधिकारी योगेश भगत राजेश क्षीरसागर लक्षण राम सोरेन तथा कांसाबेल एवं दोकड़ा के पर्यवेक्षक उपस्थित हो कर नव विवाहित दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किए।

### आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु शहरी क्षेत्रों में कल तक विशेष शिविर

**अम्बिकापुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत विशेष शिविरों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड पंजीयन एवं निर्माण कार्य किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर भी पंजीयन कार्य किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में वार्डों में लाल बहादुर शास्त्री वार्ड-25, लरंग साय वार्ड-40, भगवानपुर वार्ड-27, अब्दुल हमीद वार्ड, संत गहिरा गुरु वार्ड-30, जाकीर हुसैन वार्ड-39, महात्मा गांधीवार्ड-21, सुभाषचन्द्र बोस-22, नमनाकला वार्ड-14, रफी अहमद कीदवई वार्ड-40, भगवान महावीर वार्ड-20, वीरसावकर वार्ड-7, संत मदर टेरेसा- 4, आयुष्मान आरोग्य नमना वार्ड क्रमांक 12.14, गौरी वार्ड-5, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पुलिस लाईन, विशुनपुर वार्ड-48, आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिशुनपुर में शिविर लगाकर एवं घर-घर जा कर लोगों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन एवं निर्माण किया जा रहा।

### आवारा कुत्ता के काटने के दो माह बाद ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवापारा सुमेला पारा निवासी घूर साय लकड़ा (63 वर्ष) 12 मार्च को गांव में ही एक आवारा कुत्ता ने काट लिया। कुत्ता के काट लेने पर वृद्ध नवापारा स्थित अस्पताल में उपचार कराया। जहां अधिकांश रेबीज का इंजेक्शन लगाया और बचे कुछ इंजेक्शन दरिमा अस्पताल में लगवाया। आखिरी इंजेक्शन 13 मई को लगना था। इसी बीच वृद्ध की तबीयत खराब हो गई तो परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की बीती रात मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## कुनकुरी में सड़क सुरक्षा को लेकर निकली हेलमेट रैली

# सुरक्षित लौटना भी हर नागरिक की जिम्मेदारी: कौशल्या साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों और उनमें हो रही मौतों को लेकर अब पुलिस और प्रशासन ने जनजागरण को सबसे बड़ा हथियार बना लिया है। इसी कड़ी में शुक्रवार सुबह कुनकुरी में विशाल हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हजारों लोगों की मौजूदगी में निकली इस रैली ने पूरे शहर को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।

सुबह 8 बजे खेल मैदान से शुरू हुई रैली गड़ाकटा, बस स्टैंड, डुगडुगिया, जशपुर रोड और सलियाटोली तक पहुंची। पूरे मार्ग में "हेलमेट पहनें-जीवन बचाएं" और "सीट बेल्ट आपकी सुरक्षा कवच" जैसे संदेशों के जरिए लोगों को जागरूक किया गया। रैली में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस विभाग, समाजसेवी, व्यापारी, जनप्रतिनिधि, युवा और आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। ⏭ शेष पेज 4 पर






**सामाजिक चिंता का विषय:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती कौशल्या साय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं आज केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामाजिक चिंता का विषय बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही किसी परिवार की जिंदगी बदल सकती है। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने लगे तो दुर्घटनाओं में स्वतः कमी आ सकती है।उन्होंने युवाओं को विशेष संदेश देते हुए कहा कि तेज रफ्तार, स्टंटबाजी और बिना हेलमेट वाहन चलाना बहादुरी नहीं बल्कि खतरनाक लापरवाही है। हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरण दुर्घटना के समय जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और यातायात नियमों का पालन करने की सामूहिक शपथ भी दिलाई।

**जीवन सुरक्षा के सबसे महत्वपूर्ण साधन:** कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि अधिकांश लोग यह सोचकर नियमों की अनदेखी करते हैं कि अब तक उनके साथ कोई हादसा नहीं हुआ है, जबकि दुर्घटनाएं कभी भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जीवन सुरक्षा के सबसे महत्वपूर्ण साधन हैं। उन्होंने लोगों से वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, शराब सेवन के बाद ड्राइविंग से बचने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील की।

**बरतें सावधानी:** कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी राजीव नंदे ने भी सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि थोड़ी सी सावधानी कई परिवारों को बिखरने से बचा सकती है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट को दैनिक आदत बनाने की अपील की।

**लोगों को जागरूक किया जाएगा:** रैली के दौरान लोगों ने जागरूकता वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी सड़क सुरक्षा का संदेश प्रसारित किया। पुलिस और प्रशासन ने संकेत दिए कि जिले में आगे भी लगातार इस प्रकार के अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

**इनकी रही उपस्थिति:** कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार ने किया। इस अवसर पर एसडीएम नंदजी पांडेय, एसडीओपी विनोद मंडावी, डीएसपी कुंजराम चौहान, जिला परिवहन अधिकारी विजय निकुंज सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।



## जंगल के रास्ते भागे गौ तस्कर टाटा सुमो से 5 गौवंश छुड़ाए

**जशपुरनगर।** जिले में गौ तस्करी के खिलाफ जशपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टाटा सुमो में बेरहमी से भरकर ले जाए जा रहे 5 गौवंशों को सकुशल मुक्त कराया है। पुलिस की घेराबंदी देख तस्कर वाहन छोड़कर जंगल के रास्ते फरार हो गए। वहीं, गौ तस्करी के एक पुराने मामले में महीनों से फरार चल रहे आरोपी महबूब शाह उर्फ हगन महबूब उर्फ लकड़ बाबा को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



- जशपुर पुलिस का ऑपरेशन शंखनाद जारी
- पुराने मामले का फरार आरोपी भी गिरफ्तार

जिले में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में चल रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत गौ तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जिले में गौ तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 5:30 बजे लोदाम पुलिस को सूचना मिली थी कि एक टाटा सुमो गोल्ड वाहन में पीछे की सीटें निकालकर गौवंशों को ठूंस-ठूंसकर भरा गया है और उसे झारखंड की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने आरटीओ बैरियर पर नाकेबंदी कर जांच शुरू कर दी। इसी दौरान जशपुर की ओर से आ रही संदिग्ध टाटा सुमो क्रमांक सीजी- 07-एएन-1089 को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन को तेज रफ्तार से भगाने लगा। इसके बाद पुलिस टीम ने पीछा शुरू किया। कुछ दूरी पर ग्राम पीड़ी मार्ग स्थित झाबू नदी पुल के पास तस्कर वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले। पुलिस जब वाहन तक पहुंची तो अंदर का नजारा देखकर टीम भी हैरान रह गई। वाहन की पीछे की सीटें निकाल दी गई थीं और उसमें 5 गौवंशों को बेरहमी से ठूंसकर भरा गया था। पुलिस ने तत्काल सभी गौवंशों को बाहर निकालकर सुरक्षित किया और पशु चिकित्सक से उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया। मामले में थाना लोदाम में ⏭ शेष पेज 4 पर

## उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विकासखंड फरसाबहार में सुशासन शिविर बनगांव में लगाया गया जिसमें शिक्षा विभाग का इस वर्ष सत्र 2025- 26 में विकासखंड का 10 वीं 12 वीं एवं केंद्रीयकृत परीक्षा पांचवी एवं आठवीं का रिजल्ट बेहतरीन रहा। बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं में विकासखंड का उत्तीर्ण प्रतिशत 96.45 प्रतिशत रहा इसके साथ ही कक्षा दसवीं में ही 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 106 रही है एवं इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में भी विकासखंड का उत्तीर्ण प्रतिशत 96.61 प्रतिशत रहा है और इसमें भी 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 49 रही है।

केंद्रीयकृत परीक्षा कक्षा पांचवी और आठवीं के परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहे हैं कक्षा पांचवी में कुल 1731 छात्रों में से 1726 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें से सभी छात्र उत्तीर्ण हुए इसी प्रकार कक्षा आठवीं में भी 1794 छात्रों में 1762 ने परीक्षा दिया जिसमें सभी छात्र उत्तीर्ण रहे इस प्रकार कक्षा पांचवी और आठवीं में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी सत प्रतिशत उत्तीर्ण रहे कुल मिलाकर विकासखंड का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है।

### संकुल स्तर पर छात्र पुरस्कृत

बनगांव शिविर के दौरान प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी शिक्षा विभाग द्वारा केंद्रीकृत परीक्षा कक्षा पांचवी एवं आठवीं में संकुल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही विकासखंड फरसाबहार कक्षा दसवीं एवं 12वीं के प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।बनगांव शिविर अंतर्गत 9 संकुल शामिल हुए जिसमें 7 हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल आते हैं जिनमें से कुल 35 छात्र छात्राओं को उच्चतम अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

## किलकिला में ग्रामीणों को मिला तत्काल लाभ

**पत्थलगांव।** मुख्यमंत्री के गृह जिले में सुशासन शिविर के तहत किलकिला मंदिर में सुबह 7 बजे जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी अधिकारी महिला समूह के द्वारा मंदिर के मुख्य पुजारी के साथ मंदिर परिसर एवं गौशाला की साफ सफाई की गई। सद्भावना क्रिकेट मैच खेला गया। किलकिला महिला स्व सहायता समूह व पत्थलगांव महिला स्व सहायता समूह के 5 - 5 ओवर के मैच में किलकिला समूह ने 33 रन एवं पत्थलगांव ने 42 रन बनाया। पत्थलगांव महिला समूह विजय रही। 10 बजे से सुशासन शिविर पंजीयन शाखा में आवेदन लेना शुरू किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजनाओं की जानकारी मौजूद लोगों को दी गई। सभी विभागीय अधिकारी द्वारा योजना का विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंतर व्यवसाय के



अध्यक्ष सुरेंद्र बेसारा जिला पंचायत सदस्य सुरुचि पैकरा जनपद अध्यक्ष धनियारो परहा उपाध्यक्ष फिलिस फिना एक्का सरपंच संघ के अध्यक्ष रोशन पैकरा एवं 18 ग्राम पंचायत के सरपंच समेत एसडीएम ऋतुराज बिसेन, जनपद सीईओ केजे श्रीवास ,तहसीलदार भीष्म पटेल, एसडीओ आरएएस एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी ग्राम सचिव उपस्थित रहे। शिविर मे कुल 995 आवेदन प्राप्त हुए। सुशासन शिविर से ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है।

### नगर में आज लगेगा शिविर

मुख्यमंत्री 9 मई को नगर पालिका परिषद पत्थलगांव के वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक शिविर आयोजित किया जाएगा। नागरिक अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन लिखित रूप में शिविर में प्रस्तुत कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निवास क्षेत्र के संबंधित शिविर में उपस्थित होकर आवेदन दें, ताकि समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर रोहित व्यास ने सुशासन तिहार के सुचारू संचालन के लिए नोडल एवं विभागीय अधिकारियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। यह पहल प्रशासन को आमजन के और अधिक निकट लाने तथा समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बनेगी।

### दामाद ने सास को लाठी से वार कर किया घायल,अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** दामाद को समझाना सास को उस समय महंगा पड़ गया जब दामाद ने लाठी से किया वार कर घायल कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम मानपुर लाइनपारा निवासी सुनी बाई पति सोमर साय (60 वर्ष) बुधवार रात 10 बजे मंगारी निवासी दामाद भागवत आ. धरम देव द्वारा लाठी से सिर पर वार कर फरार हो गया। महिला सुनी बाई ने बताया कि तीन बेटियों में से सबसे छोटी बेटी संतोषी सिंह का विवाह मंगारी निवासी भागवत से हुआ है जिसके 2 बच्चे है जो सप्ताह भर से मानपुर में ही रह रही है।

## कुनकुरी नगर में लगा 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज

**जशपुरनगर।** कुनकुरी नगर में गर्व और देशभक्ति की नई ऊंचाई छूते हुए 100 फीट ऊंचा विशाल राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) नगर के तालाब के सामने स्थापित कर दिया गया है। यह गौरवशाली कार्य नगर पंचायत के अध्यक्ष और कांग्रेस पार्टी के युवा नेता विनयशील के अथक प्रयासों, नेतृत्व और देशभक्ति सोंच के बदौलत संभव हो सका है। विनयशील के चुनाव जीतकर आने के पूर्व कुनकुरी नगर पंचायत में मात्र 15 करोड़ रुपये के कार्य हुए। शहर में कोई कार्य दिखाई नहीं पड़ता था। जिस तालाब में तिरंगा झंडा लगाया गया है उसका कार्य भी तब तक अधूरा था जब तक विनयशील ने पदभार नहीं संभाला था। मुख्यमंत्री की विधानसभा के एकलौते नगर पंचायत कुनकुरी का चुनाव जीतकर आने के बाद से विनयशील ने कार्य की प्राथमिकताएं बदली। तालाब में बड़े पेड़ और फूलों के पौधे लगाए और अब तालाब के सामने सर्व धर्म सम्भाव का प्रतीक चिह्न तिरंगा झंडा स्थापित करवा दिया।



**राष्ट्रप्रेम का प्रतीक:** यह 100 फीट ऊंचा तिरंगा न केवल नगरवासियों के लिए गर्व का विषय बनेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम और देश की एकता का संदेश भी देता रहेगा। तालाब के सामने की यह भव्य जगह अब राष्ट्रध्वज के सम्मान से सुशोभित हो गई है,जो दूर-दूर से आने वाले लोगों का ध्यान आकर्षित करेगी।

**बलिदान व गौरव का प्रतीक:** नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील ने कहा, राष्ट्रीय ध्वज हमारी पहचान, हमारे बलिदान और हमारे गौरव का प्रतीक है। 100 फीट ऊंचे इस तिरंगे को स्थापित करना मेरे लिए बहुत गर्व का विषय है। मैं सभी नगरवासियों, अधिकारियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस कार्य को सफल बनाने में सहयोग दिया। यह तिरंगा सदैव ऊंचा रहे और हमें राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहे।"इस महत्वपूर्ण कार्य मे नगरपंचायत, स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का भी सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

## सुशासन की स्थापना ही सरकार का उद्देश्य

# सिमड़ा के जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास विगत दिवस विकासखंड दुलदुला के ग्राम पंचायत सिमड़ा में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। शिविर में सिमड़ा सहित आसपास के 15 गांवों के ग्रामीणजन शामिल हुए। शिविर में लोगो को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। साथ ही लोगों ने अपनी मांग एवं शिकायतों से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया।

- समस्या निवारण के साथ हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के दिए निर्देश

शिविर में 940 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 912 मांग एवं 28 शिकायत के आवेदन शामिल रहे। तत्काल निराकृत किए जा सकने वाले मांग के 53 आवेदन को शिविर में ही निराकृत किया गया। कार्यालयीन आवश्यकताओं, पात्रता परीक्षण एवं विस्तृत जांच परख की जरूरत वाले आवेदनों को भी यथा संभव तेजी से निराकृत किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि सुशासन की स्थापना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य है। इसका आशय संवेदनशील, जवाबदेह एवं पारदर्शी प्रशासन है। इसको सुनिश्चित करने के लिए गांव गांव में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से गांव में लोगों की समस्याओं एवं मांगो की जानकारी लेकर यथासंभव निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ ⏭ शेष पेज 4 पर




**सामग्री का वितरण:** जनसमस्या निवारण शिविर में विभागीय स्टॉल भी लगाए गए। आयुष, स्वास्थ्य, मत्स्य, खाद्य, पशुधन, उद्यानिकी, वन, क्रेडा, आदिवासी विकास, शिक्षा, विद्युत तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, ट्रायसिकल, डिजिटल किसान किताब, श्रवण यंत्र, सिंचाई पंप, जाल, आइस बॉक्स एवं पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। शिविर में बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया।




### रविदास मोहल्ले की घटना, मासूमों के सिर फूटे, महिलाओं से अभद्रता

# 15 से अधिक लोगों ने घर घुसकर महिला बच्चों से की मारपीट, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



नगर पंचायत बिलाईगढ़ के वार्ड क्रमांक 10 स्थित रविदास मोहल्ला में 05 मई दोपहर 2 बजे हुई भयावह मारपीट की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। पीड़ित परिवार ने ग्राम छपोरा के 15 से अधिक लोगों पर संगठित होकर घर में घुसने, महिलाओं बच्चों पर जानलेवा हमला करने, गाली गलौज, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद मोहल्ले में भय और आक्रोश का माहौल है।

पीड़ित परिवार द्वारा 05 मई को थाना बिलाईगढ़ में दिए गए आवेदन के अनुसार आरोपी अविनाश भूपति, शेषनारायण, राहुल हिरवानी, किशन हिरवानी, सूरज निराला, रघु हिरमानी, टीका निराला, गुड्डा हिरवानी, हरीश निराला सहित अन्य लोग डंडा, पत्थर और हथियारनुमा सामान लेकर अचानक उनके घर पहुंचे और पूरे परिवार पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसते ही महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को निशाना बनाया और बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी और सड़क पर घसीटते हुए लाया गया। घटना में मासूम अंश रत्नाकर के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि एक अन्य बच्चे के हाथ की कलाई और अंगुलियों में गंभीर चोट बताई जा रही है। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार, धक्का मुक्की और गंदी गालियां देने का भी आरोप लगाया गया है। सीएचसी बिलाईगढ़ में अमित कुमार रत्नाकर का एक्सरे कराने पर पैर में गंभीर चोट आने और हड्डी टूटने की बात सामने आई है। परिवार का कहना है कि कई लोगों को अंदरूनी चोटें आई हैं जिनका उपचार जारी है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमला पूरी तरह सुनियोजित था और आरोपी समझाने के नाम पर नहीं बल्कि दबदबा कायम करने और आतंक फैलाने की नीयत से बिलाईगढ़ पहुंचे थे। परिवार ने सवाल उठाया कि यदि विवाद सुलझाना ही उद्देश्य था तो ग्राम सरपंच, समाज प्रमुख या जिम्मेदार लोगों को साथ लाया जा सकता था, फिर 15 से अधिक लोगों की भीड़ लेकर आने का क्या औचित्य था। घटना के दौरान आरोपी परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भागने लगे, तभी घर के पुरुष सदस्य मौके पर पहुंचे और कुछ आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया।

> दोनों पक्षों का लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> -राजेश चंद्रवंशी, थानेदार बिलाईगढ़

## एनईएस महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में मानव सेवा, रक्तदान तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता, पौधारोपण तथा रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र ने अपने उद्बोधन में विश्व रेडक्रॉस दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेडक्रॉस केवल एक संस्था नहीं, बल्कि मानवता, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। साथ ही ब्लड सेंटर प्रभारी डॉ.ममता सिंह द्वारा रक्तदान के महत्व एवं उससे जुड़े स्वास्थ्य संबंधी लाभों पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। यूथ रेड क्रॉस प्रभारी कु.अजीता कुजूर ने रेडक्रॉस की गतिविधियों एवं मानव सेवा के महत्व पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा रक्तदाताओं एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागी छात्र-छात्राओं को डायरी एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में पौधारोपण किया गया तथा सामाजिक सेवा एवं मानवता के प्रति सकारात्मक संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में यूथ रेड क्रॉस सदस्य प्रो. प्रिंसी कुजूर, वरुण श्रीवास, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गौतम सूर्यवंशी, अतिथि विद्वान मंजुलता सिदार, जिला चिकित्सालय से मेडिकल टीमएवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### पुल-पुलिया निर्माण कार्य की निविदा प्रक्रिया पूर्ण

## सड़क मार्ग होगा और मजबूत, राहगीरों को मिलेगी बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन सुविधा



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर कांसाबेल से बगीचा मार्ग के मजबूतीकरण तथा पुल-पुलिया निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई थी। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य की निविदा प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है, जिससे जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

लगभग 29 करोड़ 08 लाख 06 हजार रुपए की लागत से 39 किलोमीटर लंबाई वाले इस मार्ग का मजबूतीकरण एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्य किया जाएगा। यह सड़क एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं व्यस्त संपर्क मार्ग है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। समय के साथ सड़क की स्थिति प्रभावित होने के कारण राहगीरों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब मार्ग के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद लोगों को बेहतर, सुरक्षित और सुगम आवागमन सुविधा मिल सकेगी। सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को विशेष लाभ मिलेगा। साथ ही परिवहन व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी और लोगों के समय की भी बचत होगी। यह कार्य क्षेत्रीय विकास को नई गति देने के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों की कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगा।

### सुरक्षित लौटना भी ...

शहरभर में रैली को लेकर उत्साह का माहौल दिखाई दिया।**जिम्मेदार ड्राइविंग ही सच्ची समझदारी-** डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने जिले के सड़क हादसों के आंकड़े साझा करते हुए कहा कि वर्ष 2025 में जिले में लगभग 459 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 311 लोगों की मौत हुई और 205 से अधिक लोग घायल हुए। उन्होंने कहा कि अधिकांश दोपहिया वाहन चालक हेलमेट नहीं पहने हुए थे। यदि हेलमेट का नियमित उपयोग किया जाता तो करीब 70 प्रतिशत लोगों की जान बचाई जा सकती थी।उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत का असर केवल उसी तक सीमित नहीं रहता बल्कि पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों पर पड़ता है। परिवार आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से टूट जाता है। उन्होंने युवाओं से स्टंटबाजी और ओवरस्पीडिंग से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि जिम्मेदार ड्राइविंग ही सच्ची समझदारी है।

### जंगल के रास्ते ...

छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1961 की धारा 11(1)(क)(घ) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। इसी तारतम्य में लोदाम पुलिस ने गौ तस्करी के एक अन्य मामले में फरार आरोपी महबूब शाह उर्फ हगन महबूब उर्फ लकड़ बाबा उम्र 30 वर्ष निवासी साईं टांगर टोली को भी गिरफ्तार किया है। यह मामला 12 फरवरी 2026 का है, जब ग्राम कोनबीरा के जंगल में एक पिकअप वाहन से 12 गौवंश बरामद किए गए थे। उस समय पुलिस ने रेकी कर रहे वैगनआर सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि मुख्य आरोपी फरार था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव में मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पेज 3 का शेष

### सिमड़ा के जनसमस्या ...

ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि स्टॉलों में पहुँचने वाले प्रत्येक ग्रामीण को योजनाओं की विस्तृत जानकारी अवश्य प्रदान की जाए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि शासन की मंशा है कि किसी भी ग्रामीण को योजनाओं का लाभ लेने और अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। इसी उद्देश्य से शिविर लगाकर जनसमस्याएँ सुनी जा रही हैं और उनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित शिविरों का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। इस दौरान एसडीएम कुनकुरी नंदजी पांडे सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। कलेक्टर ने ग्रामीणों को बताया कि शिविर में आयुष्मान कार्ड तथा केसीसी बनवाने की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की जानकारी देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से पंजीयन कराया जा सकता है, जिसमें पात्र महिलाओं को डीबीटी के माध्यम से सीधे 6,000 रुपये की राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने कृषि, राजस्व, क्रेडा, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग एवं उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। साथ ही पुल पुलियों की मांग, नल जल शिकायत एवं प्राकृतिक आपदा में जन धन हानि की जानकारी भी देने को कहा। उन्होंने आश्वस्त किया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166